हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 5 मई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

चंद्रखुरी नहीं, माता कौशल्या की जन्मभूमि है कोसला : रामभद्राचार्य 2



## खबर संक्षेप

### मौसम खुलते ही बढ़ी गर्मी लोग हो रहे हलाकान

**जांजगीर-चांपा।** जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। सोमवार की सुबह से झुलसा देने वाली गर्मी ने सभी को परेशान कर रखा है. ऐसा लग रहा है मानो आसमान से आग बरस रहे हों. अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। जरूरी काम होने पर ही लोग घर से निकल रहे हैं। गर्मी के कारण दोपहर में सड़कें सूनी हो जा रही है. गर्मी से बचने के लिए लोग एसी, कूलर के साथ ही शीतल पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। मई के शुरूआती दिनों से ही गर्मी अपने पूरे शबाब पर है। मई के शुरू होते ही भीषण गर्मी पड़ रही थी, लेकिन बदलते मौसम के कारण बारिश के बाद राहत मिली थी। उसके बाद फिर से मई माह में गर्मी ने यू-टर्न ले लिया। सुबह से गर्म हवाएं चल रही है। दिन चढने के साथ धीरे-धीरे तापमान बढ़ने लगा। दोपहर में सड़कों पर चलना मुश्किल हो जाता है। दिन चढ़ने के साथ सूर्य का तेवर भी तेज हो रहा है।

### ग्राम पंचायतों में 7 को चावल महोत्सव" के साथ होगा रोजगार एवं आवास दिवस

**जांजगीर-चांपा।** जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 07 मई को "चावल महोत्सव" के साथ "रोजगार दिवस" एवं "आवास दिवस" का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पीएम आवास के तहत स्वीकृत आवासों पूर्ण करने, हितग्राहियों को राशि की जानकारी देने, स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहन देने तथा जियो-टैगिंग एवं शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए हैं।साथ ही मनरेगा के प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण करने, "मोर गांव-मोर पानी-मोर तरिया" अभियान के अंतर्गत नए तालाब निर्माण की योजना, जल संरक्षण में युवाओं की भागीदारी तथा क्यू आर कोड की जानकारी दी जाएगी। सुशासन तिहार के अंतर्गत आवास एवं मनरेगा से संबंधित सभी आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

### सीएम सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत जिले में 8 मई को सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन प्रस्तावित है। इसके तहत प्राप्त आवेदनों की प्रारंभिक जांच के बाद कुल 78 जोड़ों की पात्रता सूची तैयार की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जारी सूची के अनुसार यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी जोड़े की पात्रता, आयु या अन्य वैधानिक तथ्यों को लेकर कोई आपत्ति हो, तो वे 7 मई तक साक्ष्यों सहित लिखित आवेदन कार्यालयीन समय में दोपहर 12 बजे तक जमा कर सकते हैं। दावा-आपत्ति आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कार्यालय, जांजगीर-चांपा अथवा संबंधित क्षेत्र के परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना के कार्यालय में स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड डाक या व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

सामान्य सभा की बैठक में हुआ था विवाद, सत्ता व संगठन तक पहुंची शिकायत

## जिला पंचायत में अंतर्कलह, अध्यक्ष उपाध्यक्ष व महिला सदस्य आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले की सबसे बड़ी पंचायत जिला पंचायत में इन दिनों सबकुछ ठीक ठाक नहीं चल रहा है। यहां अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व महिला सदस्य आमने सामने हो गए है। खास बात यह है कि सामान्य सभा की बैठक में भाजपा समर्थित सदस्यों व अध्यक्ष उपाध्यक्ष के बीच विवाद हुआ। इसके बाद महिला सदस्यों ने अपने ही अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के खिलाफ शिकायत की तो दूसरी ओर अध्यक्ष , उपाध्यक्ष ने अपनी ही पार्टी के सदस्यों पर पार्टी व सरकारी विरोधी गतिविधि का आरोप लगाते हुए संगठन में शिकायत की है।

गौरतलब है कि जिला पंचायत जांजगीर में विगत दिवस सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई थी। इस बैठक में भाजपा समर्थित महिला सदस्य ने अपनी बात रखी तो अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के साथ कुछ विवाद हो गया। बताया जाता है कि इसके बाद बैठक में पदाधिकारी और सदस्य आमने सामने हो गए। भाजपा के समर्थित महिला सदस्यों ने ही अपनी पार्टी समर्थित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष से विभिन्न मुद्दों पर खुलकर विरोध करते हुए अपनी बातें रखी। इतना ही नहीं बैठक के बाद महिला सदस्यों के अधिकारों के हनन को लेकर शिकवा शिकायतों का दौर भी शुरू हो गया है। भाजपा समर्थित महिला जिला पंचायत सदस्यों ने जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी के समक्ष इस पूरे मामले की शिकायत की तो दूसरी ओर जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने महिला सदस्या के खिलाफ पार्टी व सरकार विरोधी गतिविधि में संलिप्त रहने से गंभीर आरोप लगाते हुए संगठन के समक्ष शिकायत की है। बैठक के दौरान भाजपा समर्थित महिला सदस्य ने अपनी बात रखी तो अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के साथ कुछ विवाद हो गया। बताया जाता है कि इसके बाद बैठक में पदाधिकारी और सदस्य आमने सामने हो गए। बहरहाल स्थिति चाहे जो भी हो लेकिन भाजपा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के साथ भाजपा समर्थित सदस्यों की बाहुलता वाले जिला पंचायत में अपनी ही पार्टी के सदस्य और पदाधिकारियों के बीच तालमेल बिगड़ गया है। लिहाजा सामान्य सभा की बैठक के दिन से शुरू हुआ विवाद अब सत्ता और संगठन में शिकायत तक जा पहुंचा है।



### विपक्ष ले रहा चुटकी, क्षेत्र में बन रहा मजाक का माहौल

जिला पंचायत के भीतर चल रही इस खींचतान का असर अब राजनीतिक गलियारों में भी दिखने लगा है क्षेत्र में कांग्रेस से जुड़े लोग इस पूरे घटनाक्रम को लेकर चुटकी लेते नजर आ रहे हैं । कांग्रेसियों द्वारा कहा गया कि जिला पंचायत में चुने गए भाजपा के प्रत्याशी अपने ही संगठन में दो गुटों में बंटी हुई है और आपसी संतुलन तक नहीं बना पा रही है बताया जा रहा है कि इस अंदरूनी विवाद के चलते विपक्ष को बैठे बिठाए मुद्दा मिल गया है जिससे राजनीतिक माहौल में भाजपा की किरकिरी होती नजर आ रही है ।

### आपस में सुलझा लेंगे

दोनों पक्षों ने अपनी अपनी बातें रखी है। कोई बड़ा ईश्यू नहीं है। समझाईश देकर दोनों पक्षों से चर्चा की जाएगी। आपस में मामला सुलझा लिया जाएगा। कही कोई विरोध ओर अंर्तकलह वाला मामला नहीं है।

-अंबेश जांगडे,
अध्यक्ष, भाजपा जांजगीर चांपा

## भीतर नहीं पहुंच पाए विधायक व समर्थक कलेक्टोरेट के बाहर चला प्रदर्शन

### शासन-प्रशासन पर पक्षपात का आरोप, आश्वासन पर माने

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शासन प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए जांजगीर चांपा विधायक द्वारा आयोजित एक दिवसीय सत्याग्रह आंदोलन चंद घंटों में अफसरों के आश्वासन पश्चात खत्म हो गया। खास बात यह है कि विधायक और समर्थकों के साथ पहुंचे कांग्रेसियों को पुलिस बल ने कलेक्टोरेट परिसर तक पहुंचने ही नहीं दिया। ऐसे में वे मुख्य गेट के सामने महात्मा गांधी की फोटो रखकर आंदोलन में बैठ गए।

शासन-प्रशासन द्वारा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के अधिकारों की अनदेखी के विरोध में सोमवार 4 मई को जांजगीर-चांपा के विधायक ब्यास कश्यप ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य द्वार के सामने अपने समर्थकों के साथ चिलचिलाती धूप में बैठकर सत्याग्रह (अनशन) किया। इधर तय कार्यक्रम के अनुसार विधायक और उनके समर्थकों ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा के सामने सत्याग्रह आंदोलन करने का ऐलान किया था, लेकिन बड़ी संख्या में तैनात पुलिस बल ने उन्हे बाहर ही रोक दिया। ऐसे में मुख्य द्वार के सामने गांधी जी की फोटो लेकर कांग्रेसी प्रदर्शन करने लगे। विधायक ब्यास कश्यप ने पक्षपात का आरोप लगाते हुए जमकर भडास निकाली। आंदोलन के दौरान अकलतरा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी दिनेश शर्मा, रमेश पैगवार, विवेक सिसोदिया, पूर्व युकां अध्यक्ष प्रिंस शर्मा सहित अन्य नेताओं ने शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर भडास निकाली। इधर विधायक के आंदोलन को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाईश देने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। कुछ देर बाद अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर और अधिकारी पहुंचे। उन्होंने उनसे चर्चा की और उनकी बातें शासन स्तर पर पहुंचाने का आश्वासन दिया, तब जाकर मामला शांत हुआ। इस दौरान उन्होंने इस तरह का रवैया नहीं बदलने पर आगे उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी।



सत्याग्रह आंदोलन में बेठे विधायक सहित अन्य कांग्रेसी।

### सरकार विधायकों की कर रही उपेक्षाः राघवेन्द्र

अकलतरा विधायक राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ मे सरकार द्वारा विधायकों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। इस उपेक्षा की शिकायत सदन मे भी रखा गया है, उसके बाद भी विधायकों की समस्या को दरकिनार कर दिया है। जिसके आक्रोश मे ब्यास कश्यप आंदोलन कर रहे है। यही हालत रही तो अकलतरा और पूरे प्रदेश मे बीजेपी और कांग्रेस विधायक आंदोलन करेंगे।

## दूसरे दिन देवरघटा-खरगहनी क्षेत्र में विचरण करते दिखा भालू



विचरण करता भालू।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

तनौद जिले के पामगढ़ क्षेत्र अंतर्गत महानदी किनारे देवरघटा खरगहनी क्षेत्र में सोमवार सुबह को जंगली भालू भटक कर आ पहुंचा। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला पहुंचा और भालू को रेस्क्यू करने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। क्षेत्र के सरपंचों द्वारा आसपास के गांवों में मुनादी कराई गई है।

सोमवार 4 मई की सुबह देवरघटा खरगहनी जंगल के पास देवरघटा के ग्रामीणों ने भालू कों देखा। भालू को देखते हुए ग्रामीण दहशत में आ गए। गांव के महानदी किनारे देवरघटा खरगहनी जंगल में भालू आने की जानकारी मिलने पर सरपंच घासीराम चौहान ग्राम पंचायत कमरीद ने वन विभाग पकरिया अकलतरा को सूचना दी। जिसके बाद वन रक्षक सम्राट राठौर द्वारा खरगहनी जंगल में भालू देखने सुबह वन रक्षक रेस्क्यू करने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह उरैहया के पास भालू विचरण करते देखा गया। शाम को बारगांव पेण्डी के पास देखा गया था। इसके बाद अंधेरे में गुम हो गया। रात्रि में चलने के बाद महानदी किनारे जंगल देवरघटा खरगहनी क्षेत्र में भालू देखने को मिला। इधर क्षेत्र में भालू को लेकर वन विभाग के द्वारा आसपास के गांव में सरपंचों की मदद से देवरघटा,खरगहनी, तनौद, कमरीद, भुईगांव में मुनादी कराई गई है।

### एमआरपी से अधिक दाम में बेच रहे कोल्ड्रिक्स

**शिवरीनारायण।** बढ़ती गर्मी के साथ कोल्ड्रिक्स की मांग बढने लगी है। जिसे देखते हुए दुकानदार कोल्ड्रिक्स को एमआरपी से अधिक दाम पर बेच रहे है। बताया जाता है कि कई दुकानदार 20 रुपये एमआरपी वाली कोलड्रिंक को 25 रुपये में बेच रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि बोतल पर स्पष्ट रूप से 20 रुपये मूल्य अंकित होने के बावजूद ग्राहकों से अधिक राशि वसूली जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब ग्राहक इस पर सवाल उठाते हैं, तो दुकानदार तुरंत 20 रुपये में देने को तैयार हो जाते हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि जानबूझकर अधिक पैसे वसूले जा रहे हैं। वहीं कई मामलों में दुकानदार 25 रुपये देने की शर्त पर ही सामान देने या फिर मना करने तक की बात कह रहे हैं। एमआरपी से अधिक कीमत पर सामान बेचना उपभोक्ता संरक्षण कानून का सीधा उल्लंघन है। इसके बावजूद नगर में खुलेआम इस तरह की वसूली जारी है, जिससे आम जनता परेशान है। नगरवासियों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि ऐसे दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए और नियमित जांच अभियान चलाया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और एमआरपी से अधिक कीमत देने से साफ इंकार करना चाहिए।

## रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई, 2 हाइवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई करते हुए दो हाइवा जब्त किया गया है। मामला बम्हनीडीह क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश और एसडीएम पवन कोसमा के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम ने हसदेव नदी क्षेत्र में छापेमारी कर 2 रेत से भरे हाइवा जब्त किए हैं कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप का माहौल बना हुआ है। तहसीलदार शशिभूषण सोनी के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने हसदेव नदी क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान कई स्थानों पर दबिश दी गई जहां अवैध रेत उत्खनन और परिवहन की गतिविधियां संचालित होने की सूचना थी टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध वाहनों की जांच की और पूरे क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए रखी जांच के दौरान दो हाइवा अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाए गए, जिन्हें तत्काल जब्त कर लिया गया। जब्त वाहनों में सीजी 04 क्यूए 9799 मालिक मिथिलेश कुमार और सीजी 10 सीडी 9672 वाहन मालिक आशीष करडेकर शामिल हैं। दोनों वाहनों में करीब 30 घन मीटर रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा था। जिसे नियमों के तहत जब्ती बनाकर थाना बम्हनीडीह को सौंप दिया गया। प्रशासन द्वारा इससे पहले भी लगातार कार्रवाई करते हुए एक दर्जन से अधिक रेत से भरे हाइवा जब्त किए जा चुके हैं।



जब्त वाहन के साथ मालिक।

### आकांक्षा आवासीय कोचिंग संस्थान में प्रवेश के लिए आवेदन 8 तक

**जांजगीर-चांपा।** आकांक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं, 12वीं एवं ड्रॉपर बैच में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी, आकांक्षा कार्यक्रम ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के जो छात्र राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु दो वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं, उनसे अब 8 मई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र सीधे आकांक्षा आवासीय विद्यालय, जिला पंचायत परिसर जांजगीर में जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त विभाग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

## महुआ व देशी शराब के साथ पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

आबकारी वृत्त सक्ती की टीम ने खैरा और रानीगांव में कार्रवाई करते हुए देशी शराब व कच्ची महुआ शराब के साथ महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सक्ती कलेक्टर के निर्देश पर और प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में 4 मई को आबकारी वृत्त सक्ती ने ग्राम खैरा थाना नगरदा में एक क्रेता से महुआ मदिरा खरीदी की पुष्टि की गई। जिस पर पुलिस ने मोहन राम कलार पिता धनसाय कलार उम्र 45 वर्ष के रहवासी मकान में जांच कार्यवाही करने पर उसके मकान से एक सफेद प्लास्टिक बोरी में रखा 63 नग प्लास्टिक पाउच प्रत्येक में 150 मिली मदिरा कुल मात्रा 9.45 लीटर मदिरा महुआ मदिरा बरामद होने से धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम किया गया। इसी तरह ग्राम रानीगांव थाना बाराद्वार में फिरतीन बाई पति नेकीराम उम्र 57 वर्ष के रहवासी मकान से 29 नग गोवा स्पेशल मदिरा पाव और 1 नग यूनिक प्लेन शराब पाव बरामद होने से धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया।




जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, ग्रामीण परेशान

## भीषण गर्मी के साथ गांव में गहराया पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

एक ओर देश आधुनिक विकास और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम तुस्मा के महामाया चौक मोहल्ले के लोग आज भी पीने के पानी जैसी बुनियादी जरूरत के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं।

भीषण गर्मी के इस दौर में जब तापमान लगातार बढ़ रहा है, तब गांव के लोगों की सबसे बड़ी चिंता रोजमर्रा के उपयोग के लिए पानी जुटाना बन गई है। हालत यह है कि मोहल्ले के दर्जनों परिवार पानी के लिए तरस रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित विभाग के कर्मचारियों की ओर से अब तक कोई ठोस पहल दिखाई नहीं दे रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की समस्या कोई नई नहीं है। पिछले कई महीनों से गांव में पेयजल संकट बना हुआ है, लेकिन गर्मी बढ़ने के साथ स्थिति और गंभीर हो गई है। सुबह होते ही महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे पानी के लिए बर्तन लेकर लाइन में खड़े हो जाते हैं। कई बार घंटों इंतजार करने के बाद भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। इससे न सिर्फ दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ने लगा है। महामाया चौक मोहल्ले की महिलाओं ने बताया कि उन्हें सुबह चार-पांच बजे उठकर पानी के इंतजाम में लगना पड़ता है। घर के बाकी कामकाज छोड़कर सबसे पहले पानी की चिंता करनी पड़ती है। कई बार एक बाल्टी पानी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। महिलाओं का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की लेकिन केवल आश्वासन ही मिला,समस्या जस की तस बनी हुई है। गांव में नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन और अन्य कार्यों की चर्चा तो हुई, लेकिन धरातल पर लोगों को उसका लाभ नहीं मिल रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना कागजों और बैठकों तक सीमित होकर रह गई है, जबकि जनता आज भी पानी के लिए संघर्ष कर रही है।



पानी पाने के लिए लाइन में रखे बाल्टी।



**खबर संक्षेप**

## राधाकृष्ण कीर्तन मंडली ने टॉपटेन में स्थान बनाने वाली खुशबू का किया सम्मान



**चांपा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी किए गए 12 वीं की परीक्षा परिणाम में नगर की छात्रा खुशबू देवांगन को टाप 10 में स्थान प्राप्त करने पर जिले का नाम रौशन किया है। राधा-कृष्ण कीर्तन मंडली चांपा की महिलाओं ने उसके निवास पहुंचकर बधाई दी और स्मृति चिन्ह के रुप मे राधा-कृष्ण की तस्वीर भेंट की। परीक्षा परिणाम घोषित होने और खुशबू देवांगन के प्रावीण्य सूची (टॉप 10) में स्थान प्राप्त करने पर इन दिनों विभिन्न संगठनों और लोगों द्वारा उनके निवास पहुंचकर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना कर रहे है। खूशबू की इस उपलब्धि से उसके परिवार के सदस्य भी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि खूशबू देवांगन की मां भी एक कीर्तन मंडली की सदस्य है और परिवार धार्मिक वातावरण से सुवासित रहता है। ऐसे मे राधा-कृष्ण कीर्तन मंडली के सदस्यों द्वारा खूशबू देवांगन को बधाई एवं आशीर्वाद दिए जाने से पूरा परिवार उत्साहित है। खूशबू का सम्मान करने वालों में राधा-कृष्ण कीर्तन मंडली के सदस्य कविता थवाईत, पुष्पा थवाईत, गायत्री राजपुत,किरण थवाईत,भगवती थवाईत, उत्तरा थवाईत, सुभद्रा दुबे,मंजू थवाईत, समृद्धि थवाईत शामिल थे।

## 583 अंक प्राप्त कर सुलैना ने जिले में बनाया 8वां स्थान

**डोंगाकोहरौद।** हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में ग्राम भिलौनी निवासी छात्रा सुलैना बंदे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में 8वां स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सुलैना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलौनी की छात्रा हैं। उन्होंने कुल 600 में से 583 अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया। उनकी इस शानदार सफलता से परिवार, विद्यालय और ग्राम में खुशी की लहर है। सुलैना के माता -पिता ने बताया कि सुलैना शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रही है। विद्यालय प्राचार्य आर के रात्रे, व्याख्याता श्रीएच. एस. शास्त्री, एस. के.कश्यप, एल. गोस्वामी, कु. एस. गढेवाल , श्रीमती एम. कुज, श्रीमती एम वर्मा, कुमारी आर श्रीवास, श्रीमती अनुराधा बंजारे व समस्त शिक्षकों ने भी उसकी सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुउ उज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षकों ने कहा कि सुलैना अनुशासित और परिश्रमी छात्रा है। सुलैना ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है और आगे भी इसी तरह मेहनत करते हुए राज्य में अपना स्थान बनाने का संकल्प लिया है। साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलौनी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12वी अंकिता साहू 77.4 प्रतिशत, यश कुमार 75.6 प्रतिशत, आदित्य खूंटे 74 प्रतिशत, 12वीं का कुल 93 छात्र उत्तीर्ण हुए है। कक्षा 10वीं सुलैना बंदे 97.16 प्रतिशत, ममता साहू 82.16 प्रतिशत, जानवी निराला 73.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। कक्षा दसवीं का कुल 57 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं।

## स्नेहा को बारहवीं बोर्ड में मिले 91 प्रतिशत से अधिक अंक



**जांजगीर-चांपा।** इंडियन पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंडीशंकर की छात्रा स्नेहा देवांगन ने कक्षा 12वीं में 91.2 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से स्कूल और परिवार में खुशी का माहौल है। स्नेहा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। स्कूल प्रबंधन ने भी स्नेहा को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## कक्षा दसवीं में राधेश्वरी ने प्राप्त किया 81 प्रतिशत अंक



**देवरी-सारागांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झरना की छात्रा राधेश्वरी राठौर ने कक्षा 10 वीं में 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गांव का गौरव बढ़ाया है। अपनी इस सफलता का श्रेय माता सरिता राठौर पिता रामानुज राठौर एवं विद्यालय के गुरुजनों को दिया है।

### कौशल्या जन्मभूमि सेवा संस्थान के सदस्यों ने जगत गुरु को भेंट किया माता कौशल्या का चित्र

# चंद्रखुरी नहीं, माता कौशल्या की जन्मभूमि है कोसला : रामभद्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

शिवरीनारायण के समीप श्री राम मिलेंगे आश्रम तेंदुआ धाम में 27 मई से 6 अप्रैल तक 9 दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया गया है। तुलसी पीठाधीश्वर चित्रकूट धाम उत्तर प्रदेश से प्रख्यात संत, पद्मविभूषित जगत गुरु रामभद्राचार्य अपने श्री मुख से उपस्थित श्रद्धालुओं को राम कथा सुना रहे हैं।

कथा के सातवें दिन रामभद्राचार्य ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूमि पावन है, चंद्रखुरी नहीं बल्कि यहां माता कौसल्या की जन्मभूमि 'कोसला' है, कौसल्या नाम 'कोसला' शब्द से पड़ा। कोसला शिवरीनारायण से 15 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। कोसला में माता कौसल्या का जन्म हुआ था। उनके पिता दक्षिण कोसल के राजा भानुमंत थे एवं माता का नाम संग्या थी। राम भद्राचार्य ने कहा कि बिना एतिहासिक, धार्मिक तथ्यों के चंद्रखुरी को माता कौशल्या का



उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा सुनाते जगद गुरु रामभद्राचार्य।

जन्म स्थान बताकर लोगों में केवल भ्रम फैलाया गया, लोगों की धार्मिक आस्था की भावना से खिलवाड़ किया गया जबकि हमारे पास अनेकों तरह के धार्मिक ऐतिहासिक प्रमाण है कि कोसला ही कौसल्या की जन्मभूमि है। माता कौशल्या जन्मभूमि सेवा संस्थान के सदस्यों ने जगत गुरु रामभद्राचार्य को माता कौशल्या का चित्र भेंट किया एवं उनके कृपापात्र शिष्य श्रीराम मिलेंगे आश्रम के संस्थापक डॉ अशोक हरिवंश से मिलकर उनका मार्गदर्शन लिया। कोसला धाम वासियों सहित पूरे क्षेत्र के जन-जन के मन में यह हर्ष है की कोसला ही माता कौसल्या की जन्मभूमि है इसका प्रमाण स्वयं जगतगुरु श्रीरामभद्राचार्य ने दिया है। कोसला धाम वासियों ने कहा है 'माता कौशल्या जन्मभूमि के विकास को लेकर उनका प्रयास वर्षों से चल रहा है, अब जब स्वयं जगतगुरु श्रीरामभद्राचार्य महराज ने इसको प्रमाणित किया तो उनका आत्मविश्वास और भी बढ़ गया। 'कोसला धाम वासियों ने केंद्र सरकार, राज्य सरकार, संत महात्माओं, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी, धर्मावलंबियों से निवेदन किया है 'माता कौशल्या जन्मभूमि 'कोसला' धाम के विकास में सभी हर संभव प्रयास करें, जिससे अयोध्या धाम श्रीरामलाल मंदिर की भांति 'कोसला धाम' में माता कौसल्या का भव्य मंदिर निर्माण हो।



## भाजपाइयों ने बंगाल जीत पर आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा के द्वारा 3 राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, पांडुचेरी में मिली ऐतिहासिक जीत की खुशी में सोमवार 4 मई को कचहरी चौक में कार्यकर्ताओं के द्वारा आतिशबाजी की गई। इस दौरान मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की गई। इस ऐतिहासिक जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल था।

पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल ने इसे मोदी सरकार की पूरे देश में चल रही विकास की लहर की जीत बताया। उन्होंने कहा मोदी सरकार पर जनता के विश्वास है कि जीत है। जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े ने कहा, बंगाल में ममता बनर्जी के तानाशाह शासन का अंत हुआ अब बंगाल में परिवर्तन की लहर आएगी, बंगाल भाजपा की सरकार विकास के नए आयाम लिखेगी लोगो के मन से भय का डर खत्म होगा वहां के लोग खुली हवा में सांस ले सकेंगे। इस अवसर पर व्यापारी प्रकोष्ठ जांजगीर के द्वारा झालमुड़ी का स्टाल लगाया गया था। कचहरी चौक में लोगों को लड्डू, झालमुड़ी खिलाकर जीत की खुशियां बाटीं गई। इस अवसर पर नंदनी राजवाड़े, रेखा गढ़वाल, संतोषी दुबे,अमर सुलतानिया, प्रशांत सिंह, पंकज अग्रवाल,आशु गोस्वामी, पुष्पेंद्र सिंह, नवीन राठौर, विवेका गोपाल, राकेश रूपवानी, अनिल ,हितेश यादव, मोहन यादव,, नारायण देवांगन, मनोज अग्रवाल, मुरली गुरनानी, ऋषि टहलनी, उमेश राठौर, अजीत गढ़वाल, गुड्डू कहरा शिवचमन, सुनील सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पांचवीं बोर्ड परीक्षा में आत्मानंद के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बाराद्वार ।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल नया बाराद्वार की कक्षा पांचवीं की विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है। छात्रा मानसी यादव पिता देवेंद्र यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ग्रेड ए प्लस के साथ 90.95 प्रतिशत अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मानसी यादव को ए प्लस ग्रेड मिलने पर छात्रा और परिजनों में खुशी का माहौल है। मानसी के साथ याचना साहू 90.75 प्रतिशत, प्रतीक चंद्रा 90.30 प्रतिशत, प्रिंस दास महंत 89.50 प्रतिशत , मुस्कान चंद्रा 88.35 प्रतिशत, लिमेश साहू 87.25 प्रतिशत , खुशी पवार 81.70 प्रतिशत, प्रशांत कौशिक 80.50 प्रतिशत , तुषार कुमार सूर्यवंशी 78. 45 प्रतिशत एवं मोहित राज चौहान 78.35 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप 10 में स्थान बनाने में सफल रहे । वही सरस्वती शिशु मंदिर बाराद्वार के कक्षा दसवीं का छात्र लोकित यादव ने भी 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। बच्चों के माता पिता सहित समस्त परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने भी छात्रों की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक माना है।

## प्रथम पामगढ़ आगमन पर एआईसीसी सचिव एवं भिलाई विधायक देवेंद्र का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

एआईसीसी सचिव एवं भिलाई विधायक देवेंद्र यादव का रविवार 3 मई को प्रथम पामगढ़ आगमन हुआ। वे पामगढ़ जैसे ही पहुंचे अंबेडकर चौक पर पहले से उपस्थित जनसमूह ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया।

नगर के प्रमुख स्थल अंबेडकर चौक पर कांग्रेस पार्षद आकाश यादव, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष विजय यादव एवं बड़ी संख्या में युवा साथियों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं पहनाकर उनका आत्मीय अभिनंदन किया। स्वागत उपरांत देवेंद्र यादव ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने देवेंद्र यादव से आत्मीय मुलाकात कर उनका अभिवादन किया तथा उनके प्रथम आगमन पर हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम के पश्चात देवेंद्र यादव पामगढ़ स्थित कांग्रेस पार्षद आकाश यादव के निवास पहुंचे, जहां उन्होंने उनके परिवारजनों से सौहार्दपूर्ण भेंट-मुलाकात की। इसके बाद वे ग्राम मेंऊ पहुंचे, जहां एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष विजय यादव के निवास पर भी उन्होंने उनके परिवार के सदस्यों से आत्मीय चर्चा की और कुशलक्षेम जानी। इस दौरान पारिवारिक वातावरण में सादगी और आत्मीयता का विशेष भाव देखने को मिला। इस अवसर पर पार्षद आकाश यादव एवं विजय यादव द्वारा देवेंद्र यादव को भगवान राधा-कृष्ण की सुंदर छायाचित्र भेंट स्वरूप प्रदान की गई। इस भावपूर्ण उपहार को उन्होंने



अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते विधायक देवेन्द्र यादव।

सहर्ष स्वीकार करते हुए आभार व्यक्त किया और सभी के स्नेह के लिए धन्यवाद दिया। देवेंद्र यादव का यह प्रथम पामगढ़ आगमन न केवल क्षेत्र के लिए एक विशेष अवसर रहा, बल्कि इस दौरान नागरिकों एवं युवाओं में उत्साह और जुड़ाव का माहौल भी स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

### कोनारगढ़ में विधायक का ढोल ताशा व आतिशबाजी के साथ हुआ स्वागत



**मुलमुला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव एवं विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश के कोनारगढ आगमन पर जनपद सदस्य श्रीमती पुष्पलता सन्नी यादव के नेतृत्व में यादव समाज व ग्रामवासियों के द्वारा ढोल ताशा आतिशबाजी से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य पुष्पलता सन्नी यादव के द्वारा आदि शक्ति मां धुत्तीन के फोटोफेम एवं पेटिंग भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवल सिंह अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी पामगढ़, अनिल जोशी सरपंच, सन्नी यादव, राधेश्याम नोरगे, अमित यादव, सागर यादव, गोल्डी यादव,संजय यादव, रामलाल साहू,जागेश्वर कश्यप, शिवकुमार यादव, सूरज यादव,श्रीमती पंचबाई यादव,चमेली यादव, मुद्रीका बाई निर्मलकर, उत्तरा बाई दास,सखनी दास, संतोषी यादव उपस्थित थे।

## शत प्रतिशत रहा विवेकानंद स्कूल का परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में स्थानीय स्तर की कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए । कक्षा नर्सरी से 11वीं तक की कक्षाओं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

नर्सरी में प्रथम दीक्षा यादव लावण्या यादव, नव्या खरे, ओजस्वी खड़ग, पूर्वी यादव ,आराध्या साहू, तेजस्वी साहू ,यश श्री यादव ,द्वितीय में प्रियंक कुमार खांडे तृतीय में आरिश खान ,प्रियांशी कश्यप, के.जी.1 में प्रथम में अभिज्ञा सिंह ,अपराजिता शर्मा ,भौमिक साहू ,धानी कुमारी जलतारे, दक्ष कहरा, काव्या राठौर ,कुणाल सूर्यवंशी, मेघा सारथी, मिष्टी निर्मलकर, मुग्धा सारथी ,स्मृति वस्त्रकार, श्रेयांश राठौर ,सुमित राठौर, याशिका साहू, द्वितीय में कुमकुम लदेर ,तृतीय में दीपिका कुमारी कश्यप, हेजल केवट, लव वर्मा ,पाखी चक्रधारी, प्रिंस यादव, के जी 2 में प्रथम में गार्गी साहू , हंसिका सारथी ,मानसी कश्यप , रेन्सी धीवर, रिद्धिमा यादव ,स्वाति दुबे ,द्वितीय में जसवीर पटेल ,पार्थ साहू ,तृतीय में दिव्यांश नामदेव ,लीना यादव, रुद्र प्रताप यादव, सिद्धि कुमारी राठौर ,तुषार राठौर, यांशिका हंसराज अंग्रेजी माध्यम की कक्षा स्टैंडर्ड 1 प्रथम में सुशांत राठौर, प्रिशा साव,द्वितीय में आरुष कश्यप ,अथर्व जलतरंग, तृतीय में हंसिका तिवारी, तनीश कुमार साहू स्टैंडर्ड 2 प्रथम में इशिता खरे, पार्विका खांडे, द्वितीय में भूमि कश्यप, दीक्षा लहरे ,फ़ल्याणी साहू ,मीनाक्षी राव, प्रतीक्षा लदेर, रिद्धिमा सूर्यवंशी, तृतीय में अदिति यादव, हर्षवर्धन केवट ,काव्या श्रीवास, फूलेश्वरी सूर्यवंशी, पीहू यादव, पृथ्वी कैवर्त्य, सृष्टि दुबे, सुशांत पांडेय स्टैंडर्ड 3 में प्रथम युवानी रात्रे ,द्वितीय लक्ष्य कुमार साहू, तृतीय तान्या अग्रवाल स्टैंडर्ड 4 प्रथम वैभव सिंह चौहान, द्वितीय अवनीश कुमार तिवारी, तृतीय योगांत वैष्णव स्टैंडर्ड 6 में प्रथम अक्ष राठौर, द्वितीय अनमोल यादव ,तृतीय गौरव साहू स्टैंडर्ड 7 में प्रथम



मिथिलेश कुमार साहू ,द्वितीय रोनित कुमार नायक, तृतीय सृजन तिवारी स्टैंडर्ड 9वीं में प्रथम मानसी कुमारी, द्वितीय अनुकृति सिंह क्षत्रिय, तृतीय श्रेया शर्मा , स्टैंडर्ड 11 गणित में प्रथम यामिनी राठौर ,द्वितीय तानी तिवारी, तृतीय में अनीश राठौर स्टैंडर्ड 11 जीव विज्ञान में प्रथम पारखी सिंह चंदेल, द्वितीय दीपिका साहू, तृतीय में आदर्श लहरे, तनुषा गौरहा स्टैंडर्ड 11 वाणिज्य में प्रथम ख्याति साहू, द्वितीय भूमिका सूर्यवंशी, तृतीय प्राची जाटवर रहे। हिंदी माध्यम में कक्षा पहली में प्रथम गौरव साहू, द्वितीय में शिवांश श्रीवास, तरुण कहरा, तृतीय में अनु कश्यप कक्षा दूसरी में प्रथम पृथ्वी यादव , द्वितीय रोशनी सूर्यवंशी ,तृतीय अमन भारद्वाज , कक्षा तीसरी में प्रथम पवन वीर सिंह ,द्वितीय प्रशांत सोनी ,तृतीय आराध्या यादव, कक्षा चौथी में प्रथम हर्षिका भारद्वाज, द्वितीय में गौरव चंदेल ,नमन राठौर, तृतीय लक्ष्मी कुमारी साहू , कक्षा छठवीं में प्रथम पीहू चंदेल, द्वितीय श्रेयस राठौर ,तृतीय ऋषभ खड़ग , कक्षा सातवीं में प्रथम तन्वी श्रीवास, द्वितीय जानवी गढ़वाल ,तृतीय आकाश तंबोली, कक्षा नवमी में प्रथम मुस्कान देवांगन, द्वितीय वर्षा सोनी, तृतीय धैर्य चंदेल रही। इसी प्रकार अन्य कक्षाओं का भी परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विवेकानंद विद्यालय के प्राचार्य मनोज पाण्डेय , उपप्राचार्य श्रीमती सुषमा पाण्डेय एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## संस्कार भारती हाई स्कूल केरा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**केरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में संस्कार भारती हाई स्कूल केरा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कु. किंजल साहू ने 80.83 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की। इसी तरह धीरज देवांगन ने 79.5 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, कु. रीना मनहर ने 79.16 प्रतिशत तृतीय स्थान, कु. रितेश्वरी धीवर एवं संजीत धीवर ने 71.66 प्रतिशत चतुर्थ स्थान, खिलेश आदित्य ने 71 प्रतिशत पंचम स्थान, शाहिन जांगड़े ने 67.83 प्रतिशत षष्ठ स्थान प्राप्त किये। इसी तरह विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए है। सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। विद्यालय के प्राचार्य सी.आर. साहू, संजीव कुमार सारथी, कृष्ण कुमार आदित्य, देवकुमारी देवांगन, सेवती साहू, फिंगेश्वरी आदित्य, अनिता सारथी, श्रवण कुमार साहू, जीतराम मांझी, सदानंद भीष्म, मुस्कान आदित्य, राधिका धीवर एवं इन्द्राणी देवी कुर्रे सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की है।

## विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने विधायकों को ज्ञापन सौंपकर की ओपीएस और नियमितीकरण की मांग



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन शाखा जांजगीर चाम्पा एवं मड़वा जनरेशन शाखा के पदाधिकारियों ने जनप्रतिनिधि संपर्क अभियान के तहत जांजगीर चाम्पा विधायक व्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह एवं जैजैपुर विधायक बालेश्वर सिंह से सौजन्य मुलाकात कर संविदा विद्युत कर्मचारियों के नियमितीकरण, भूविस्थापितों की मुलभूत समस्याओं, मड़वा प्लांट में व्याप्त समस्याओं के निदान सहित पुरानी पेंशन योजना की बहाली और कर्मचारियों की नियमित भर्ती की मांग करते हुए कर्मचारी हित के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा तथा इन विषयों को केबिनेट की बैठक एवं सदन में रखने का आग्रह किया। इस प्रतिनिधिमंडल में रवि साइमन प्रांतीय प्रचार सचिव, भीषम सूर्यवंशी प्रांतीय संयुक्त सन्गठन सचिव, वासुदेव सूर्यवंशी तथा श्रीमती ज्योत्स्ना स्वर्णकार प्रदेश कार्यकारणी सदस्य,सहित जनता यूनियन के अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

**कार्यालय संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र - सक्ती (छ.ग.)
(कार्यालय का पता सामुदायिक भवन सुवाडेरा, पो. नंदौरकला, जिला सक्ती छ.ग. पिन 495689)**
Email:eocghbsakti@gmail.com
क्रमांक /232 / सं.अधि. / सं.प्र.शा./2026
सक्ती, दिनांक/04/05/2026

**आम सूचना का प्रकाशन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा श्रीमती लीला पटेल पति स्व. श्री दिनेश कुमार पटेल, पता-नया काशी नगर कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) के नाम पर हसदेव विहार जांजगीर में HIG-II-STD 155 आबंटित है, जिसका आबंटन आदेश क्र. 946 दिनांक 22.03.2022 तथा आधिपत्य आदेश क्र. 51 दिनांक 13.04.2017 है। आवेदिका द्वारा आबंटित भवन क्रं. HIG-II-DD 155 को श्रीमती दुर्गा पटेल पति श्री भुवनेश्वर पटेल पता-मु.पो. महंत, तहसील-जांजगीर, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) को विक्रय करने हेतु मकान बिक्री इकरारनामा प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था या अन्य को कोई भी आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें, निर्धारित अवधि समाप्ति पश्चात कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगा।

**संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-सक्ती (छ.ग.)**

## रोमांटिक और पारिवारिक फिल्म है छत्तीसगढ़ी फिल्म मोला लव होगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

अनुमोद फिल्मस के बैनर तले बनी फिल्म मोला लव होगे छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत संपूर्ण

■ 8 मई को प्रदेशभर के सिनेमाघरों में हो रही है रिलीज

छत्तीसगढ़ में 8 मई को रिलीज हो रही है। निर्माता निर्देशक अनुमोद राजवैद्य के अनुसार यह फिल्म छत्तीसगढ़ की सबसे अलग रोमांटिक और पारिवारिक फिल्म होगी।

ये बातें निर्माता निर्देशक अनुमोद राजवैद्य ने नगर के होटल सुमीत.इन में पत्रकारों से शनिवार को चर्चा के दौरान कही। उन्होंने बताया कि फिल्म में नए-नए कलाकार डेब्यू कर रहे हैं। नायक आयुष राजवैद्य और तिरांजली गोस्वामी नायिका है।



पत्रकारों से चर्चा करते फ़िल्मि के कलाकार एवं निर्देशक।

इसके साथ ही फिल्म में छत्तीसगढ़ के सुपरस्टार करन खान, रजनीश झांझी, संजय महानंद, पुष्पेंद्र सिंह, जागेश्वरी मेश्राम, विक्रम राज जैसे जाने-माने दिग्गज कलाकारों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ी फिल्मों के अब तक के सबसे शानदार निर्देशक माने जाने वाले सतीश जैन ने इस फिल्म में वितरक का जिम्मा निभाया है। फिल्म की कहानी व पटकथा अनुमोद राजवैद्य ने लिखी है। फिल्म के संगीतकार हैं अनुग्रह मिडियन, प्रदीप साठिया, ओमकार चौहान ने और गानों को आवाज़ दी है। शेख अमिन, अनुराग शर्मा, सुनील सोनी, कंचन जोशी दीक्षा धनगर और दीपिका धनगर ने। फिल्म के तीन गीत डोंट टचमाय गगरी, मोला मुम्बई घुमा दे राजा और नैना रे लैजा को दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। निर्माता निर्देशक अनुमोद राजवैध की छत्तीसगढ़ी फिल्म बिदाई के बाद यह दूसरी फिल्म है जबकि अनुमोद फिल्म्स के बैनर तले मोला लव होगे पहली फिल्म है। इस फिल्म का पिक्चराइजेशन पूर्णतः छत्तीसगढ़ में ही किया गया है। फिल्म मोला लव होगे एक ऐसे युवा वर्ग का प्रतिनिधित्व करती है जो पढ़ा लिखा है और उसके बावजूद उसकी जड़ें पूरी तरह से अपने परिवार से जुड़ी हुई हैं। फिल्म में रोमांस, एक्शन, कॉमेडी, थ्रिल, सस्पेंस सभी कुछ है और फिल्म विशुद्ध रूप से पारिवारिक फिल्म है, जो 8 मई को छत्तीसगढ़ के सभी प्रमुख शहरों की टॉकीजों समेत सभी मल्टीप्लेक्स में एक साथ रिलीज होने वाली है।

## दसवीं बोर्ड परीक्षा में गौरव ने प्राप्त किए 93 प्रतिशत अंक



**खरौद।** सुकुलपारा खरौद निवासी गौरव देवांगन ने माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम में छात्र कक्षा -10 वी में अंग्रेजी माध्यम से 93.33 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट सफ़लता प्राप्त की है। इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे नगर मे खुशी और गर्व का माहौल है। गौरव देवांगन प्रधान पाठक रमेश कुमार देवांगन के पुत्र हैं। गौरव की पढ़ाई लिटिल फ्लावर पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल शिवरीनारायण में हुई है। गौरव भविष्य में सिविल सेवा सर्विस कर देश की सेवा करना है । अपनी इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता, शिक्षकों और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है।

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, राफ्टर बेड़ी दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल टी, दीवान, पलंग, आलमारी, शोफासेट, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# 60 की उम्र में किसी पर निर्भर होना नर्क से भी बदतर : माधवन

**नई दिल्ली।** आर माधवन ने बढ़ती उम्र, जीवन की प्लानिंग और तेजी से बदलती दुनिया में रिलेवेंट बने रहने की चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की है। आपके जीवन के पहले 30 साल प्लान्ड होते हैं। अगले 30 साल करियर और परिवार बनाने के बारे में होते हैं। लेकिन, 60 साल की उम्र में एक ठहराव आ जाता है। अगले 30 साल का कोई भविष्य तय नहीं होता। कोई योजना नहीं होती। जब उनसे उनके सबसे बड़े डर के बारे में पूछा गया, तो एक्टर ने खुलकर जवाब दिया। उन्होंने स्वीकार किया, 'मेरा सबसे बड़ा डर किसी पर निर्भर होना है, शारीरिक या आर्थिक रूप से। यह मेरे लिए नरक से भी बदतर है। उन्होंने बुढ़ापे में गरिमा और योगदान के महत्व के बारे में भी बात की।'

## लाइफ Style

# तारा

## कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारत को करेंगी रिप्रेजेंट

बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया साल 2026 में अपने पहले कान्स फिल्म फेस्टिवल डेब्यू के लिए तैयार हैं। खबरें हैं कि वो ग्लोबल मंच पर भारत को रिप्रेजेंट करती नजर आएंगी। तारा सुतारिया इन दिनों अपनी फिल्म 'टॉक्सिक को लेकर चर्चा में हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अब उन्हें लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। तारा सुतारिया 2026 में 79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म टॉक्सिक से पहले तारा 2026 के कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारत को रिप्रेजेंट करतीं नजर आने वाली हैं। अपनी आने वाली फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर बढ़ती एक्साइटमेंट के बीच तारा सुतारिया अपने कॅरियर के एक नए और बड़े दौर में कदम रखने के लिए तैयार नजर आ रही हैं, जो सिर्फ भारतीय फिल्म इंडस्ट्री तक सीमित नहीं है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्ट्रेस 2026 में कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू करने जा रही हैं, जो उनके ग्लोबल सफर का बड़ा पड़ाव माना जा रहा है। टॉक्सिक से पहले तारा सुतारिया कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में डेब्यू करेंगी और ग्लोबल मंच पर भारत को रिप्रेजेंट करेंगी. टॉक्सिक पहले ही चर्चा में है, और यह डेब्यू उनके करियर के एक बड़े इंटरनेशनल दौर की शुरुआत माना जा रहा है। कान्स डेब्यू को लंबे समय से उन कलाकारों के लिए एक बड़े पड़ाव के तौर पर देखा जाता है, जो इंटरनेशनल पहचान बनाना चाहते हैं, और तारा सुतारिया के लिए यह मौका ऐसे समय पर आया है जब उनके काम के चुनाव लगातार लोगों का ध्यान खींच रहे हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# फ्री कॉन्सर्ट में लाखों लोग हुए शामिल

**लॉस एंजिल्स।** वाका वाका फेम इंटरनेशनल सिंगर शकीरा के एक फ्री कॉन्सर्ट में फैंस का मेला लग गया। अनुमान है कि लगभग 20 लाख लोग इस शो में शामिल हुए। सोशल मीडिया पर शकीरा के शो का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। लैटिना पॉप सिंगर शकीरा ने शनिवार रात यानी 2 मई को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में कोपाकबाना बीच पर एक फ्री कॉन्सर्ट किया। फैंस शकीरा के गानों पर थिरकते नजर आए। शकीरा का यह फ्री कॉन्सर्ट रियो डी जेनेरियो के सिटी हॉल की एक पहल का हिस्सा है।



# लॉस एंजिल्स में हुई सिटाडेल 2 की स्क्रीनिंग

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में 'सिटाडेल 2' की स्पेशल स्क्रीनिंग में प्रियंका चोपड़ा ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने ब्लैक रंग की खूबसूरत कढ़ाई वाली ट्रांसपेरेंट ड्रेस पहनी थी। प्रियंका हमेशा की तरह इस बार भी रेड कार्पेट पर बोल्ड और एलिगेंट नजर आईं। 'सिटाडेल 2' की स्पेशल स्क्रीनिंग लॉस एंजिल्स के एजीबीओ स्टूडियो में हुई। प्रियंका के साथ फिल्म के सह-कलाकार स्टैनली टुची और एशले कमिंग्स भी मौजूद थे। स्क्रीनिंग के बाद एक सवाल-जवाब भी रखा गया, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा प्रियंका की ड्रेस की रही। 'सिटाडेल 2' की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान प्रियंका ने ब्लैक ट्रांसपेरेंट ड्रेस पहनी। इसमें फुल स्लीव्स और हाई नेकलाइन थी। ऊपरी हिस्सा बॉडी-फिट ड्रेस के साथ रहा, जबकि ड्रेस का नीचे हिस्सा ट्रांस्पेरेंट और चमकदार लेस वाली स्कर्ट जैसा है।



# इंटीमेट सीन कम करने की मांग

**मुंबई।** कियारा आडवाणी की आने वाली फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर एक नई खबर सामने आई है। स्क्रीन पर फिल्म देखने के बाद कियारा ने मेकर्स से कुछ इंटीमेट सीन कम करने या काट देने की मांग की है। यश और कियारा आडवाणी स्टारर 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन अप्स' इन दिनों फिर चर्चा में आ गई है। हाल ही में फिल्म से जुड़ा एक नया विवाद सामने आया है, जिसने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। बताया जा रहा है कि फिल्म के ट्रेलर और बोल्ड सीन्स को देखने के बाद कियारा आडवाणी ने इंटीमेट सीन को कम करने की मांग की है। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब फिल्म में बोल्ड सीन्स शूट किए गए थे, तब कियारा को भरोसे के साथ कहा गया था कि इसकी शूटिंग उनके कंफर्ट के हिसाब से ही होगी।



# टोपी खुद पहनो, किसी को पहनाओ नहीं

**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच रविवार को सलमान ने अपनी कुछ खास तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल जीत लिया है। इन तस्वीरों के साथ सलमान ने अपने फैंस को एक खास सलाह भी दी है। सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ सलमान ने काम को लेकर सलाह दी है। सलमान ने कैप्शन में लिखा, 'यह किसी भी फील्ड के लिए है। पहले सोच लो, समझ लो, स्पष्ट हो जाओ, फैसला कर लो और सब कुछ भूलकर आगे बढ़ो।' सलमान ने आगे लिखा, 'टोपी से याद आया-टोपी खुद पहनो, किसी को पहनाना नहीं और न किसी को पहनने दो।' सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर इन तस्वीरों को शेयर किया है।

## टीवी मसाला




# डर का नया दौर... खतरों से खेलने आ रहे हैं 12 खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** स्टंट बेस्ड शो खतरों के खिलाड़ी सबसे पसंदीदा रियलिटी शोज में से एक है। पिछले साल किसी कारण से 15वां सीजन नहीं आ पाया था लेकिन अब आखिरकार नया सीजन नए ट्विस्ट एंड टर्न के साथ लौटकर आ रहा है। इस बार खतरा पहले से भी ज्यादा खतरनाक होने वाला है। काफी दिनों से खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 को लेकर चर्चा हो रही थी। यहां तक कि कुछ कंटेस्टेंट्स हिंट्स के जरिए फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा रहे थे। अब आखिरकार शो की ऑफिशियल कंटेस्टेंट्स लिस्ट सामने आ गई है, साथ ही शो की पहली झलक भी रिवील कर दी गई है। रविवार को खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 की ऑफिशियल अनाउंसमेंट हो गई है, साथ ही सभी खिलाड़ियों के नाम भी जारी कर दिए गए हैं। इस बार शो की टैगलाइन 'डर का नया दौर' रखी गई है। इस बार शो में बिग बॉस सीजन 19 के दो धुरंधर होंगे, जिनका शो में खट्टा-मीठा बॉन्ड रहा और वह फरहाना भट्ट और गौरव खन्ना हैं। फरहाना और गौरव के अलावा खतरों के खिलाड़ी शो में टीवी जगत के कई बड़े धुरंधर खतरों से खेलते हुए नजर आएंगे जिसमें करण वाही, ऋत्विक धनजानी, विशाल सिंह, अविनाश तिवारी, सोशल मीडिया स्टार ओरी, जैस्मिन भसीन, हर्ष गुजराल, अविका गौर, शगुन शर्मा और रुबीना दिलैक हैं। सभी कंटेस्टेंट्स के ग्राफिक वीडियो शेयर किया गया है। खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 कब शुरू होगा और इसकी शूटिंग कहां होगी, अभी तक इसको लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## बैटलग्राउंड 2 बना जंग का अखाड़ा

**नई दिल्ली।** हाल ही में मेंटर के तौर पर रियलिटी शो 'बैटलग्राउंड 2' में एक्ट्रेस निक्की तंबोली की एंट्री हुई। इस शो में पहले से ही मेंटर के तौर पर भोजपुरी स्टार खेसारी लाल एक टीम को सपोर्ट कर रहे हैं। रियलिटी शो 'बैटलग्राउंड 2' के अपकमिंग एपिसोड में खेसारी और निक्की तंबोली आपस में भिड़ गए। शो 'बैटलग्राउंड 2' के हालिया रिलीज प्रोमो में खेसारी लाल यादव निक्की तंबोली और उनकी टीम पर गेम में बेईमानी करने का आरोप लगाते दिखे। वह बोले- 'बड़े गिरे हुए लोग हैं।' वह आगे कहते हैं, 'पूरी दुनिया देख रही है, आपका कारनामा।' लेकिन निक्की कहती हैं कि गेम के लिए एक साथ होकर खेलना जरूरी है। खेसारी लाल यादव के अलावा 'बैटलग्राउंड 2' के अन्य मेंटर अभिषेक मल्हान उर्फ फुकरा इंसान ने भी निक्की तंबोली को खरी-खोटी सुनाई। इससे पहले भी निक्की और अभिषेक के बीच झगड़ा हो चुका है, जिसमें निक्की ने अभिषेक को खूब उल्टा-सीधा कहा था। बैटलग्राउंड 2 एक इंडियन फिटनेस रियलिटी शो है।



# एआई से बनी फिल्मों को बड़ा झटका!

## ऑस्कर के नियमों में हुए बदलाव; बढ़ाई गई फिल्म की ये कैटेगरी

**नई दिल्ली।** अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने ऑस्कर के लिए कई बड़े नियमों में बदलाव का ऐलान किया है। इससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल पर क्लैरिटी आई है। ऑस्कर ने खास कैटेगरी में कई बदलाव किए हैं। द हॉलीवुड रिपोर्टर के मुताबिक, अपनी नई घोषणा में, अकादमी ने कहा है कि एआई का इस्तेमाल करके बनाई गई फिल्में अवॉर्ड के योग्य नहीं होंगी। सिर्फ इंसानी अदाकारी वाली फिल्में ही क्वालिफाई होंगी। यह कदम फिल्मों में एआई के इस्तेमाल को लेकर बढ़ते सवालों के बाद उठाया गया है। अकादमी ने यह भी कहा कि राइटिंग कैटेगरी के लिए सिर्फ इंसानों की तरफ से लिखे गए स्क्रीनप्ले पर ही विचार किया जाएगा। उसने यह भी कहा कि वह फिल्ममेकर्स से इस बारे में और जानकारी मांग सकती है कि उनके प्रोजेक्ट में एआई का इस्तेमाल कैसे किया गया है। इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में अहम बदलाव हुए हैं। पहले, हर देश विचार के लिए सिर्फ एक फिल्म भेज सकता था। अब, फिल्में कान्स, बर्लिन, सनडांस, टोरंटो, वेनिस और बुसान जैसे बड़े ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल में टॉप अवॉर्ड जीतकर भी क्वालीफाई कर सकती हैं। इसका मतलब है कि एक ही देश की एक से ज्यादा फिल्मों को रेस में शामिल होने का मौका मिलेगा। एक और बड़ा बदलाव यह है कि इस कैटेगरी में अवॉर्ड अब देश के बजाय फिल्म के डायरेक्टर को मिलेगा। एक्टिंग कैटेगरी में एक बड़ा बदलाव यह है कि एक्टर अब एक ही कैटेगरी में अलग-अलग परफॉर्मेंस के लिए कई नॉमिनेशन पा सकते हैं। पहले, एक एक्टर की सिर्फ एक परफॉर्मेंस को नॉमिनेट किया जा सकता था।



# लता ने हॉरर थ्रिलर के लिए गाया था कल्ट गाना, भूतनी को दी थी आवाज

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा की मशहूर गायिका के तौर पर लता मंगेशकर को जाना जाता था। बेशक आज वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा गाए गए एक से बढ़कर एक गीत हर कोई सुनना पसंद करता है। इस बीच हम आपको लता दीदी के एक 64 साल पुराने एक ऐसे सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जो उन्होंने एक हॉरर थ्रिलर फिल्म के लिए गाया था। सुरों की कोकिला का ये गीत आज भी कल्ट माना जाता है। साल 1962 में हिंदी सिनेमा की एक चर्चित हॉरर थ्रिलर फिल्म को रिलीज किया गया था। फिल्म का नाम बीस साल बाद था, जिसमें एक्टर विश्वजीत चटर्जी और अभिनेत्री वहीदा रहमान ने मुख्य भूमिकाओं को अदा किया। इस मूवी की कहानी के साथ-साथ गाने भी काफी चर्चित रहे। जिनमें से एक गाना लता मंगेशकर ने गाया था, जिसके बोल थे- कहीं दीप जले कहीं दिल...।




### हेमंत ने संगीत की धुनों को पिरोया था

इस गाने को बीस साल बाद में भूतनी पर फिल्माया गया था। बेशक ये एक डरावना गाना था, लेकिन लता मंगेशकर ने अपनी मधुर आवाज में जिस तरह से इस गाने को गाया, वह वाकई काफी शानदार रहा। गौर किया जाए इस गीत की मेकिंग की तरफ तो लता के अलावा संगतीकार हेमंत कुमार ने इसमें अपनी संगीत की धुनों को पिरोया था, जबकि गीतकार शकील बदायूनी ने इसके लिरिक्स लिखे थे। इस तरह से बीस साल बाद कहीं दीप जले कहीं दिल... बनकर तैयार हुआ था। रिलीज के 64 साल बाद भी लता दीदी के आवाज में गाया हुआ ये सॉन्ग कालजयी बना हुआ है, जिसे श्रोता आज भी सुनना पसंद करते हैं।

## कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में किया है काम

# 20 साल से बॉलीवुड से लापता है ये स्टार, अब तक नहीं मिला कोई सुराग

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड पर जितनी कहानियां पर्दे पर दिखती हैं उससे ज्यादा दिलचस्प कहानियां पर्दे के पीछे की होती हैं। आज हम एक ऐसे एक्टर के बारे में बात करने जा रहे हैं जिन्होंने कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया और भारतीय सिनेमा का जाना पहचाना चेहरा बने। लेकिन, एक दिन वे सबकुछ छोड़कर चले गए और 20 सालों से ज्यादा होने के बाद आज भी उनका कोई पता नहीं है। एक समय था जब उनका चेहरा पूरे भारत के घरों में जाना-पहचाना लगता था; वे ऐसे अभिनेता थे जिन पर शायद आप तुरंत ध्यान नहीं देते थे, लेकिन फिल्म खत्म होने के काफी समय बाद भी वे आपको किसी न किसी तरह याद रह जाते थे। हम बात कर रहे हैं राज किरण की, जिनकी कहानी एक बिल्कुल ही अलग अंदाज में लोगों के जहन में बसी हुई है... उनकी अदाकारी की वजह से नहीं, बल्कि एक ऐसे रहस्य की वजह से जो पिछले दो दशकों से भी ज्यादा समय से अनसुलझा है।*



### कर्ज और अर्थ फिल्मों से मिली पहचान

राज किरण, जिन्हें मुख्य रूप से कर्ज और 'अर्थ' जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जाना जाता है, ने 1970 के दशक के आखिर और 1980 के दशक के दौरान हिंदी सिनेमा में अपनी एक मजबूत जगह बनाई। उन्होंने 1975 में फिल्म कागज की नाव से अपने कॅरियर की शुरुआत की और जल्द ही किस्सा कुर्सी का में नजर आए; यह एक राजनीतिक व्यंग्य फिल्म थी, जिसे आपातकाल के दौरान प्रतिबंधित कर दिया गया था।

### जिंदगी में आया मुश्किल मोड़

1980 के दशक में, राज कई फिल्मों में नजर आए और धीरे-धीरे एक भरोसेमंद एक्टर के तौर पर अपनी पहचान बनाई। लेकिन, 1990 के दशक की शुरुआत तक, उनके कॅरियर में बदलाव आने लगा और उन्हें ज्यादातर सहायक भूमिकाएं मिलने लगीं। 1990 के दशक के मध्य के आस-पास, उन्होंने कुछ समय के लिए फिल्मों से दूरी बना ली, और इसी दौर में उनकी जिंदगी में एक मुश्किल मोड़ आया।

### जब आश्रम में घुसने की कोशिश में हुई जेल

1996 में, एक रिपोर्ट के मुताबिक उन्हें बेंगलुरु सेंट्रल जेल में रखा गया था; बताया जाता है कि पुट्टपर्थी साई बाबा आश्रम में बिना इजाजत घुसने की कोशिश करने के बाद उन्होंने वहां लगभग एक महीना बिताया था। डेक्कन हेराल्ड के अनुसार, उन्होंने रात के समय आश्रम परिसर में घुसने की कोशिश में एक ट्रैक्टर और एक सीढ़ी का इंतजाम किया था। बाद में, उनके पिता ने जमानत दिलवाकर उन्हें जेल से बाहर निकलवाया। इसके कुछ ही समय बाद, उन्हें वापस उनके मुंबई वाले घर पर देखा गया, और ऐसी खबरें थीं कि उन्होंने अपने भाई गोविंद के साथ कुछ समय अमेरिका में बिताया था और वापस लौटने की योजना बना रहे थे। हालांकि, इस दौरान उनसे मिलने वाले लोगों के बयानों से पता चलता है कि शायद वे कुछ निजी मुश्किलों से गुजर रहे थे। ये बातें परिवार के सदस्यों और फिल्ममेकर महेश भट्ट के बयानों पर आधारित हैं।

### बेटी ने आखिरी बार 2003 में देखा था

परिवार के सदस्यों, सहकर्मियों और यहां तक कि अधिकारियों द्वारा कई कोशिशें किए जाने के बावजूद, 2000 के दशक की शुरुआत से राज किरण का कोई भी पक्का सुराग नहीं मिला है। उनकी बेटी के अनुसार, उन्होंने राज को आखिरी बार 2003 में देखा था। 20 साल से भी ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी यह सवाल बना हुआ है, जिससे एक समय के जाने-पहचाने चेहरे की कहानी बॉलीवुड के सबसे बड़े अनसुलझे रहस्यों में से एक बन गई है।

### महेश ने बताई थी उनकी मानसिक स्थिति

महेश भट्ट ने मुंबई के एक मेंटल हेल्थ सेंटर में राज से हुई अपनी मुलाकात की यादें साझा कीं थीं। उन्होंने बताया था कि, ' कई साल पहले, जब वे मसीना अस्पताल के साइकियाट्रिक वार्ड में थे। वे उस राज किरण जैसे बिल्कुल नहीं थे जिनसे मैं पहले मिला था। वे एक उदास और डिप्रेस्ड इंसान लग रहे थे, और उन्होंने बड़ी मुश्किल से मुझसे बात की। अभिनेत्री दीप्ति नवल, जिन्होंने उनके साथ 'हिप हिप हुर्रे' में काम किया था, ने भी 2011 में एक सार्वजनिक अपील की थी। उन्होंने लोगों से राज को ढूंढ़ने में मदद करने का आग्रह किया था, क्योंकि उन्हें पता चला था कि शायद वह न्यूयॉर्क में टैक्सी चला रहे थे।

## खबर संक्षेप

### नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत मिले पीड़ित परिवार से, उच्च स्तरीय जांच करवाने दिया आश्वासन



**बिर्रा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सोमवार 4 मई को दोपहर जनपद पंचायत जैजैपुर के ग्राम करही में क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं व्यापारी सम्मे लाल कश्यप के निवास स्थान पहुंचे। डॉक्टर महंत ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर हाल-चाल जाना। मृतक आयुष कुमार कश्यप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए। इस पूरे घटनाक्रम की उच्च स्तरीय जांच करवाने का आश्वासन दिए। उन्होंने कहा कि दोषियों को पकड़वाकर उचित न्याय दिलाया जाएगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, विधायक बालेश्वर साहू जैजैपुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हसौद के अध्यक्ष कुशल कश्यप, मधुसूदन साहू के अलावा कांग्रेस के जांजगीर चांपा और सक्ती जिला के नेता गण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में 'छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन' आज

**खरौद।** वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में मंगलवार 5 मई को खरौद स्थित लक्ष्मणेश्वर मंदिर के



सामने रात्रि 9 बजे से 'छत्तीसगढ़ी कबि सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। आयोजन का यह तीसरा वर्ष है और काव्य रसिकों, नगरवासियों, क्षेत्रवासियों में काफी उत्साह है. इस कबि सम्मेलन में राजनांदगांव के हास्य कवि पद्मलोचन शर्मा 'मुंहफट', बेमेतरा के हास्य कवि रामानंद त्रिपाठी, कोरबा की श्रृंगार कवियित्री श्रीमती संतोषी 'श्रद्धा', साजा के ओज कवि ईश्वर साहू 'आरुग', बालोद के हास्य कवि कैलाश कुंवारा, जांजगीर ( खोखरा ) के कवि-गीतकार अनुभव तिवारी शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन का संचालन बिलाईगढ़ के कवि ( हास्य-व्यंग्य-गीत ) शशिभूषण सनेही करेंगे. कबि सम्मेलन के पहले शाम 7:30 बजे से जागेश्वर सिदार एवं टीम के सदस्यों द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू स्मृति आयोजन समिति के संयोजक राजकुमार साहू ने लोगों से 'छत्तीसगढ़ी कबि सम्मेलन' में शामिल होने और काव्यपाठ का रसपान करने की अपील की है। इस आयोजन को सफल बनाने में खरौद नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों के साथ ही महामाया अध्यात्म सेवा समिति, इंदलदेव सेवा समिति, नारी शक्ति संगठन और युवा जागरण समिति के द्वारा सहभागिता निभाई जा रही है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग चला रही विशेष जांच अभियान

# रेस्टोरेंट एवं भोजनालयों का किया निरीक्षण साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में होटलों, रेस्टोरेंट, बेकरी दुकान, वैक्सीन सेंटर सहित अन्य प्रतिष्ठानों की जांच कर विशेष साफ सफाई रखने दिशानिर्देश दिए गए।

छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आदेश के परिपालन में "सही दवा–शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार" थीम पर 15 दिवसीय विशेष सघन जांच अभियान 27 अप्रैल से 11 मई तक चलाया जा रहा है। इस अभियान में खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन एवं अपर कलेक्टर बीरेन्द्र लकड़ा के नेतृत्व में कार्यवाही कर रहे हैं। इसी क्रम में संयुक्त जांच दल द्वारा विगत दिवस सक्ती में विभिन्न रेस्टोरेंट एवं भोजनालयों का निरीक्षण किया गया। जिसके तहत मारवाड़ी भोजनालय, ज़ोरको केफे, अभिलाषा रेस्टोरेंट, साजन होटल एवं होटल हिमालय की जांच की गयी तथा सभी को साफ़ सफाई का विशेष ध्यान रखने एवं खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के नियमो का पालन करने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार जांच दल द्वारा सक्ती शहर के विभिन्न बेकरीयों का निरिक्षण किया गया। नटराज बेकरी, संगीता स्वीट्स एंड बेकरी, टेस्टी टेल्स में पानी जांच रिपोर्ट, मेडिकल जांच रिपोर्ट तथा पेस्ट कण्ट्रोल सर्टिफिकेट प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया गया। संयुक्त जांच दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शांतनु भट्टाचार्य व निखिलेश साहू के साथ सक्ती पुलिस प्रशासन शामिल रहे। इसी प्रकार इस अभियान में औषधि विभाग के द्वितीय चरण में औषधि प्रकोष्ट की टीम द्वारा जिला सक्ती में जिला कोल्ड चैन स्टोर एवं बाराद्वार अस्पताल में संचालित वैक्सीन सेण्टर का निरीक्षण किया गया। अस्पतालों में वैक्सीन के रख रखाव एवं अभिलेखों का परीक्षण किया गया एवं साफ़ सफाई, पावर बेक-अप सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिए गये। इस दल में जिला सहायक संचालक पियूष जायसवाल, और औषधि निरीक्षक दुर्गेश कैवर्त व भुनेश्वर मोहले उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान जानकारी प्राप्त करती खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम।

## मौहाडीह में जनगणना विवाद सुलझा, प्रशासन की समझाइश के बाद फिर शुरू हुआ कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बम्हनीडीह

भारत सरकार द्वारा संचालित डिजिटल जनगणना अभियान के दौरान तहसील बम्हनीडीह के ग्राम मौहाडीह मे उत्पन्न आपत्ति का समाधान कर लिया गया है। ग्रामीणों से सकारात्मक संवाद और प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद जनगणना कार्य पुनः सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया गया है।

पूरे क्षेत्र मे अब जनगणना कार्य नियमित रूप से जारी है जानकारी के अनुसार ग्राम मौहाडीह महानदी और हसदेव नदी के संगम क्षेत्र मे स्थित है। पूर्व मे बाढ़ और जलभराव की स्थिति के कारण कई ग्रामीण अपने मूल गांव से विस्थापित होकर समीपस्थ ग्राम सिलादेही सीमा क्षेत्र मे निवास कर रहे हैं ग्रामीणों की मांग थी कि उनकी गणना ग्राम सिलादेही के अंतर्गत न कर स्वतंत्र रूप से ग्राम मौहाडीह के रूप मे की जाए। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर की चर्चा। स्थिति की जानकारी मिलते ही तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी शशिभूषण सोनी तथा नायब तहसीलदार एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी संजय बरेठ तत्काल मौके पर पहुंचे। उनके साथ राजस्व अमला, प्रगणक और प्रयवेक्षक भी मौजूद रहे अधिकारियों ने ग्रामीणों से विस्तार से चर्चा कर स्थिति का आकलन किया। प्रशासनिक टीम ने ग्रामीणों को जनगणना प्रक्रिया, नियमों और वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था की जानकारी दी साथ ही यह आश्वासन दिया गया कि उनकी मांग को सक्षम स्तर पर परीक्षण के लिए आगे भेजा जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने सहयोग देने पर सहमति जताई। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी जन्मेजय महोबे तथा जिला जनगणना अधिकारी संदीप ठाकुर के मार्गदर्शन मे जिले भर में जनगणना कार्य जारी है। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सही और पूर्ण जानकारी देकर जनगणना कार्य मे सहयोग करें ताकि योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन मे सटीक आंकड़ों का उपयोग किया जा सके ।

## कोटमीसोनार में 'लक्ष्य' बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, कोटमीसुनार द्वारा आयोजित 7 दिवसीय 'लक्ष्य' बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ भाठापारा स्थित प्रभु-दर्शन भवन में उत्साह और उमंग के साथ हुआ।

शिविर के प्रथम दिन बच्चों की सक्रिय सहभागिता और उत्साह ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के आरंभ में बच्चों को शिविर के उद्देश्य एवं आगामी गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि "हम केवल शरीर नहीं, बल्कि एक शक्तिशाली आत्मा हैं।" उन्होंने राजयोग ध्यान के माध्यम से आत्मिक शांति और एकाग्रता प्राप्त करने के सरल अभ्यास कराए। साथ ही गीता श्लोक स्मरण एवं ध्यान केंद्रित करने के लिए विशेष गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। शिविर में बच्चों को म्यूजिकल एक्सरसाइज और योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। खेल-खेल में योग सीखते हुए बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। प्रथम दिवस पर नैतिक शिक्षा, अनुशासन एवं अच्छे संस्कारों के महत्व पर विशेष बल दिया गया। प्रेरणादायक कहानी "राजा की चार रानियां" के माध्यम से बच्चों को जीवन के मूल्यों को सरल और प्रभावी ढंग से समझाया गया। कहानी के जरिए यह संदेश दिया गया कि शरीर, धन-संपत्ति और संबंधों से अधिक महत्वपूर्ण हमारे कर्म और संस्कार होते हैं, जो जीवनभर हमारे साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में भी शिविर के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं रोचक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।



योगाभ्यास करते बच्चे।

***सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो तहसीलदारों के कार्य विभाजन में आशिंक संशोधन किया है। तहसीलदार मालखरौदा अनुज कुमार पटेल को तहसीलदार भोथिया का दायित्व सौंपा गया है। वहीं तहसीलदार भोथिया सिद्धार्थ अनंत को तहसीलदार मालखरौदा की जिम्मेदारी दी गई है।







